हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

06 तहसील की जमीन पर कब्जा, अतिक्रमणकारी के आगे ...



08 कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां पूर्ण रूप से...





## खबर संक्षेप

### खुरई में स्कूटी ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**खुरई।** जेल रोड पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। उन्हें पीछे से आ रही एक स्कूटी ने टक्कर मार दी। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे सागर रेफर किया गया है। घायल युवकों की पहचान विवेक लोधी (30) और राकेश लोधी (45) के रूप में हुई है। ये दोनों उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के नाराहट थाना क्षेत्र स्थित बछरई गांव के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक खुरई के जगदीशपुरा बायपास चौराहा के पास एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह से अपने घर लौटते समय जेल रोड पर एक अज्ञात स्कूटी चालक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति हेतु लीड बैंक अधिकारी को निर्देश

**सागर।** मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम/ स्वरोजगार एवं विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु लीड बैंक अधिकारी, जिला सागर को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री उदयम / स्वरोजगार योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। अतः निर्देशानुसार निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किये जाने हेतु आपके अधीनस्थ बैंक शाखाओं को लक्ष्य प्रदान करने करें। मुख्यमंत्री उदयम योजना का 40 मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का 225 एवं मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना (व्यक्तिमूलक) का 20 लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### श्रमिकों हेतु उपलब्ध कराएं मूलभूत सुविधाएं

**सागर।** भवन एवं अन्य संनिर्माण के कार्यों में कार्यरत श्रमिकों हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए श्रम पदाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर निर्माण में संलग्न ठेकेदारों/ निर्माण एजेंसियों को निर्देश निर्देशित किया है। म.प्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) नियम 2002 के अंतर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिकों को संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्यस्थल पर निर्माण स्थल पर भवन संनिर्माण श्रमिकों की चिकित्सा जांच, निर्माण स्थल पर व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र की उपलब्धता, निर्माण स्थल पर एम्बुलेंस रूम की उपलब्धता, निर्माण स्थल पर एम्बुलेंस वाहन की उपलब्धता, निर्माण स्थल पर स्ट्रेचर की उपलब्धता, निर्माण स्थल पर प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता, आपातकालीन स्थिति में आवश्यक चिकित्सा सुविधा, शौचालय तथा मूत्रालय की उपलब्धता, कैंटीन, खाद्य सामग्री, चाय एवं अल्पाहार की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायें। अधिनियम के परिपालन में वर्तमान में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए, श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जावे। कृपया सुनिश्चित करें कि नियोजकों द्वारा कर्मचारियों के लिए स्वच्छ पेयजल और छाया की उचित व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाए। साथ ही कार्य समय सारिणी को भी परिस्थितियों के अनुरूप परिवर्तित किया जाए।

### राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में संचालित उपार्जन केंद्रों का राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे किसानों को सुगम, पारदर्शी एवं व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में खरीदी केंद्र भैसवाही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र प्रभारी द्वारा टेंट, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

---

**कलेक्टर पाल के सख्त निर्देशः नशे के विरुद्ध जिले में चलेगा जीरो टॉलरेंस अभियान**

# अवैध नशे पर कलेक्टर की चेतावनी, गांजे की खेती और बिना पर्ची दवा बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



### दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों पर पैनी नज़र

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे जिले के उन दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों को चिन्हित करें जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि, कोई भी विक्रेता बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाओं की बिक्री न करे। सभी दवा दुकानों में दवाओं के स्टॉक और विक्रय का रिकॉर्ड संधारित होना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टरों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए पाल ने कहा कि जिले में गांजे की अवैध खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने इसके लिए मैदानी अमले को मुस्तैद रहने को कहा है।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करेंगे। प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में अनिवार्य रूप से काउंसलिंग कक्ष बनाया जाएगा और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही नशा करने वाले छात्रों की पहचान कर उनके अभिभावकों के साथ मिलकर काउंसलिंग करने के भी निर्देश दिए। नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में 6-6 बेड के पृथक वार्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि नशे के आदी मरीजों को उचित उपचार और परामर्श मिल सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एसपी विकास शाहवाल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, उप पुलिस अधीक्षक लोकेश सिंहा, सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन सहित जिला शिक्षा अधिकारी, आबकारी विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर और कृषि विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि नशा मुक्त समाज का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। पुलिस, प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर एक ऐसी चैन बनाएं जिससे नशीली दवाओं की सप्लाई लाइन टूटे और युवाओं को सही दिशा मिल सके।

## मंडी में बहा किसानों का गेहूं, अन्नदाताओं की मेहनत पर फिरा पानी, बेमौसम बारिश का कहर



**गढाकोटा।** सागर जिले में बेमौसम बारिश ने ऐसा कहर बरपाया कि अन्नदाताओं की सालभर की मेहनत कुछ ही घंटों में पानी में बह गई। सोमवार के दिन गढ़ाकोटा कृषि उपज मंडी में हालात इतने भयावह हो गए कि किसानों का गेहूं नालियों में बहता नजर आया। गढ़ाकोटा तहसील में करीब तीन घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने मंडी परिसर को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। खुले में रखा हजारों क्विंटल गेहूं बारिश के पानी में भीग गया। निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मंडी में पानी भर गया और देखते ही देखते अनाज की बोरियां पानी में तैरने लगीं। स्थिति इतनी खराब हो गई कि कई जगहों पर गेहूं नालियों के साथ बहता दिखाई दिया। अपनी आंखों के सामने मेहनत को यूं बहते देख किसानों का दर्द छलक पड़ा। कई किसान मायूस होकर सिर पकड़कर बैठ गए। इस बीच किसानों ने व्यापारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फसल का सौदा पहले ही हो चुका था और व्यापारी गेहूं खरीद चुके थे, केवल तौल बाकी थी। लेकिन जैसे ही अनाज भीगा, व्यापारियों ने उसे लेने से साफ इनकार कर दिया। किसानों का कहना है कि जब सौदा तय हो गया था, तो जिम्मेदारी भी साझा होनी चाहिए थी। लेकिन अब व्यापारी पीछे हट रहे हैं, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है एक तरफ कुदरत का कहर, दूसरी तरफ बाजार की बेरुखी। मंडी प्रबंधन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था होती, तो शायद इतना नुकसान टाला जा सकता था। अब पीड़ित किसान प्रशासन और सरकार से राहत की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि तुरंत सर्वे कर नुकसान का आकलन किया जाए और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनकी टूटी उम्मीदों को सहारा मिल सके। बड़ा सवाल यही है क्या अन्नदाता की मेहनत का मोल मिलेगा या फिर हर बार की तरह वे ही नुकसान उठाते रहेंगे

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियां तेज सीएमओ ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मद्देनजर नगर में तैयारियों का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता, जलापूर्ति एवं अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखी जाए और कचरा संग्रहण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए,उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ एवं प्रभावी संचालन आवश्यक है।




जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित निःशुल्क प्याऊ केंद्रों की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान जलापूर्ति प्रभारी रामगोपाल अहिरवार को निर्देश दिए गए कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति न बने। स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश को निर्देशित करते हुए सीएमओ ने कहा कि नगर के समस्त सार्वजनिक शौचालयों, सुलभ परिसरों एवं कचरा संग्रहण स्थलों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, साथ ही आवश्यकतानुसार रंगाई-पुताई एवं मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने स्वच्छता सुपरवाइजरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, प्रत्येक वार्ड में दैनिक साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित सभी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।आईईसी टीम की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने समन्वयक अरुण नागौर को निर्देश दिए कि टीम के माध्यम से नागरिकों से अधिकाधिक फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा इसकी दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।सीएमओ मेहतेले ने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर नगर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा, तभी स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे।

**निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री को सौंपा ज्ञापन**

# भीषण जल संकट को लेकर कांग्रेस का निगम पर खाली मटकों को लेकर जमकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अगुवाई में एवं नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव के नेतृत्व में जल समस्या के संकट को लेकर ढोल धमाकों के साथ कृष्णगंज चौराहे से नगर निगम तक रैली निकाल कर निगम पर प्रदर्शन किया गया जहां निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री को ज्ञापन सोपा गया।बड़ी संख्या में मौजूद महिलाएं खाली मटके लेकर निगम कमिश्नर पानी दो के नारे लगा रही थीं । निगम कमिश्नर के विलंब से आने से लोग वही गेट के पास बैठ गए। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि जनता पानी के लिए त्राहि - त्राहि कर रही है और नगर निगम के अधिकारी कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं।



शहर में गंदा बदबूदार पानी आ रहा है नगर निगम में इंदौर की घटना से सबक नहीं लिया। निगम में 24 घंटे सातों दिन जल सप्लाई का वायदा किया था लेकिन आधे घंटे से ज्यादा पानी नहीं मिल रहा है। लोगों को 1 महीने का बिल देकर 10 -12 दिन पानी दिया जा रहा है यह जनता के साथ खुली लूट है ।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने कहा कि शहर में कम प्रेसर से पानी आने के कारण जो ऊंची इमारतें हैं वहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है और लोग पानी को परेशान हो रहे हैं। वहीं भारी भरकम उनसे जल कर लिया जा रहा है वहीं शहर में टाटा कंपनी द्वारा पानी की सप्लाई का समय निश्चित नहीं हो पा रहा है जिसके कारण लोग पानी नहीं भर पाते । नगर निगम को कई बार शहर में हो रहे गंदे पानी के सैंपल भी दिखाए गए लेकिन कोई पहल नहीं की। उन्होंने बाघराज वार्ड में पानी की लाइन नहीं डाले जाने की भी बात कही जिससे लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं । बाबू यादव ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र इस वार्ड में जल समस्या हल करने पहल नहीं की गई तो एक बड़ा आंदोलन नगर निगम के खिलाफ बाघ राज वार्ड वासियों के साथ करेंगे ।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि नगर निगम सिर्फ बयान बाजी में अव्वल है काम के मामले में एकदम निठल्ली है। नगर निगम अपनी कार्य प्रणाली सुधारे नहीं तो फिर कांग्रेस सुधारने के लिए आगे आएगी पूरे शहर में जल संकट के बादल छाए हुए हैं। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है सही समय पर जल सप्लाई नहीं हो रही है। गंदा मठ -मेला पानी लोगों के घर जा रहा है जिससे उनके बीमार होने की आशंका और बढ़ गई है ।

इस अवसर पर निगम कमिश्नर खत्री ने बाघराज बार्ड में जल समस्या शीघ्र से शीघ्र हल करने का आश्वासन भी दिया।

ज्ञापन का वाचन कांग्रेस महिला उत्पीड़न विभाग की अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने किया एवं आभार संगठन महामंत्री रामकुमार पचौरी ने माना। इसके पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने आई शहर की महिलाओं ने खाली मटके पानी न मिलने पर फोड़े और कुछ सिर पर रखकर नगर निगम तक रैली के रूप में पहुंची और कुप्पी लिए हुए थी होटल रेन बसेरा से नगर निगम तक नगर निगम की नीतियों के विरोध में निगम कमिश्नर, महापौर, अध्यक्ष ,और नगर विधायक के खिलाफ नारे लगाते हुए रैली लेकर पहुंची आगे महिलाएं पानी की गुहार लगा रही थी और पीछे पुरुष उनके साथ चल रहे थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, जिला संगठन मंत्री रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, प्रदीप गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, राहुल चौबे, अक्षत कोठारी, जितेंद्र रोहण, आनंद हैला, शरद पुरोहित, कमलेश तिवारी, पार्षद शिव शंकर गुड्डू यादव, ताहिर खान, नीलोफर चमन अंसारी, रोशनी वसीम खान, अशोक साहू चकिया, रिचा सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, गीता कुशवाहा, जितेंद्र चौधरी, किरण लता सोनी, रेखा सोनी, ज्योति मलैया, समीर खान, अवधेश तोमर, शैलेंद्र तोमर, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, तोता यादव, महेश अहिरवार,निखिल चौकसे, संजय मोंटी यादव, चक्रेश रोहित, आनंद अहिरवार, नीलेश अहिरवार, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार, जाहिद ठेकेदार, उमेश यादव, गोपी लाल यादव, गब्बर पठान, राम शंकर सेन, सुनील पाहवा, गजेंद्र दुबे, मोहम्मद आतिफ, राजा राय, भुवनेश्वरी कुशवाहा, अर्चना अहिरवार, सोना अहिरवार, अजय लहरिया, रतन पटेल, रेवाराम पटेल, चंद्रभान दुबे , शीतल मिस्त्री, मेघा नट, लक्ष्मी बंसल, सुशील पटेल, शोभा रानी आरती ,मैया रानी, गीता पटेल, विशाल कुशवाहा, विश्वनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और कांग्रेस जन उपस्थित थे।

---



### गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग, गौ सम्मान आह्वान अभियान, गोभक्तों ने सौंपा ज्ञापन

**खुरई।** खुरई में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। बीना में यह अभियान श्री राम नाम सिद्ध पीठ (राम झरोखा दरबार) के हरदेव प्रसाद टोटे महाराज के यहां से मूलकपेटेश्वर राजेंद्र दास जी महाराज द्वारा शुरू किया गया। अभियान के शुभारंभ के बाद बड़ी संख्या में भक्त संकीर्तन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार अंबर पंथी को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में गौमाता को सनातन संस्कृति में राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। इसी क्रम में खुरई में भी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पुराने हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से भक्त परसा चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार ऋतु राय को ज्ञापन सौंपा। खुरई में भी गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने सहित अन्य संबंधित मांगें रखी गईं।



### कामायनी एक्सप्रेस में यात्री की मौतः शादी से लौटते समय सीने में दर्द उठा, हार्ट अटैक की आशंका

**खुरई।** रेलवे स्टेशन के पास कामायनी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यात्री अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र स्थित अपने घर लौट रहे थे। मृतक के भतीजे संदीप गुप्ता ने बताया कि उनके चाचा कैलाश (45), निवासी उल्हासनगर, मुंबई, उत्तर प्रदेश के औड़ियार के पास स्थित सादात गाँव में उनके भाई की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह के बाद वे कामायनी एक्सप्रेस से औड़ियार रेलवे जंक्शन से कल्याण, मुंबई जा रहे थे। सागर और खुरई के बीच यात्रा के दौरान कैलाश को अचानक सीने में तेज दर्द उठा। इसकी सूचना रेलवे कर्मचारियों को दी गई। खुरई रेलवे स्टेशन पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँच गई। एम्बुलेंस से कैलाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना शहरी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया।

### छत गिरने से पुत्र की मौत, पिता घायल सागर रेफर, घर पर सो रहा था परिवार

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भाटोली कुमेरिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां घर की छत गिरने से 14 वर्षीय बालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भटोली कुमेरिया ग्राम निवासी गोविंद लडियां अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। सुबह लगभग 7 बजे अचानक मकान की छत की सीलिंग भरभराकर गिर गई,जिसकी चपेट में आकर उनका 14 वर्षीय पुत्र केशव लडियां और स्वयं गोविंद लडियां घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल गढ़ाकोटा के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद केशव लडियां को मृत घोषित कर दिया। वहीं,गोविंद लडियां की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार,एक दिन पहले हुई बारिश के कारण मकान की छत में पानी भर गया था, जिससे सीलिंग कमजोर हो गई और सुबह यह हादसा हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा भी स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।



### नर सेवा ही नारायण सेवा के उद्देश्य को लेकर नव जागरण मंच की बैठक हुई संपन्न

**सागर।** जन सहयोग से जन-सेवा को लेकर नवजागरण मंच की बैठक सम्पन्न हुए। कहते हैं, कि निःस्वार्थ भाव से की गई समाज सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा होती है। यदि हमारा पड़ोसी भूखा हो, तो मंदिर में भगवान हमारा भोग स्वीकार नहीं करते। इसलिए दीनों की सेवा करो, ईश्वर आपकी सेवा को स्वीकार करेगा। इसी उद्देश्य को लेकर बनाए गए नवजागरण मंच सागर की 26 अप्रैल को सामाजिक मंच पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक समाजसेवी ऋषभ कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम नवीन कार्यकारिणी का सर्वसहमति से चयन किया गया। समाज सेवी शिक्षक ऋषभ कुमार जैन को फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अमित गुप्ता उपाध्यक्ष, अमित जैन को सचिव दीपक चतुर्वेदी सह सचिव, दीपक नेमा को कोषाध्यक्ष, सौरभ वाखले को सह कोषाध्यक्ष, सचेंद्र जैन को आई.टी. एंड नेटवार्क प्रभारी, अखिलेश सेन को मीडिया तथा सोशल मीडिया प्रभारी संतोष सोनी को नियुक्त किया गया। साथ ही रमन यादव, महेंद्र कुमार, अर्पित तिवारी को नवीन सदस्यता दिलाई गई। बैठक के दौरान समाज सेवा के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिस पर समिति मिलकर कार्य करने जा रही है। आगामी योजनाएँ हैं - पर्यावरण संरक्षक में अपना योगदान देने के लिए सड़क के किनारों, पार्कों में औषधिये महत्व के पौधे लगाए जाएँ तथा उनकी बड़ा और मजबूत होने तक सुरक्षा प्रदान की जाए।

## बेदखली के आदेश जारी होने और जुर्माना के बावजूद अतिक्रमण बरकरार


# तहसील की जमीन पर कब्जा, अतिक्रमणकारी के आगे तहसीलदार के आदेश हुए बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

बड़ागांव धसान तहसील क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन की लापरवाही, उदासीन कार्यप्रणाली के चलते बड़ागांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारी अवैध कब्जा करने में लगे हैं। बड़ागांव तहसील की सरकारी जमीन पर एक अतिक्रमणकारी धनप्रकाश यादव अपने गांव अंतौरा की निजी जमीन व मकान छोड़कर बड़ागांव पहुंचा और तहसील की जमीन पर मकान बनाकर रहने लगा और अब मकान के बगल में स्थित सरकारी जमीन पर पुनः निर्माण कार्य करने लगा है। जिस पर कार्यवाही कराने के लिए बड़ागांव नगरवासियों ने कई बार तहसीलदार पलक जैन से शिकायत की लेकिन तहसीलदार जैन और पटवारी सिर्फ कागजी कार्यवाही के आदेश जारी करने की खानापूर्ति कर रहे हैं। लेकिन बेदखली जैसी ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही।

जिस तहसीलदार के कंधों पर शासकीय भूमि की सुरक्षा और आम नागरिकों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी हो, अगर वही अपनी तहसील की सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से नहीं बचा पाए तो फिर आम जनता आखिर न्याय की उम्मीद किससे करे? बड़ागांव तहसील अंतर्गत ग्राम अंतौरा निवासी धनप्रकाश यादव पिता बल्ला यादव ने बड़ागांव में जाकर तहसील की शासकीय भूमि पर खुलेआम कब्जा कर रखा है, और तहसीलदार पलक जैन के कार्यवाही आदेश और जुर्माना भी उसके सामने बौने साबित हो रहे हैं।





स्थिति यह है कि बड़ागांव तहसीलदार न्यायालय द्वारा बेदखली के आदेश जारी होने और 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के बावजूद अतिक्रमणकारी धनप्रकाश यादव द्वारा रात के अंधेरे में धड़ल्ले से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। सवाल यह है कि जब तहसील कार्यालय के ठीक बगल में सरकारी जमीन पर कब्जा और निर्माण हो रहा है, तब भी राजस्व अमला आखिर आंखें बंद करके क्यों बैठा है। आखिर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाकर बेदखली की जमीनी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही।

### विधवा की जमीन पर भी कब्जे का आरोप

मामला सिर्फ शासकीय भूमि तक सीमित नहीं है। जमुनिया खेरा निवासी विधवा लाड़कुंवर पति स्व. मूलचंद अहिरवार ने भी 7 अप्रैल 2026 को तहसीलदार पलक जैन को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया कि उसे जनपद पंचायत द्वारा खसरा नंबर 96 पर आवासीय पट्टा दिया गया था, लेकिन धनप्रकाश यादव ने उसकी पट्टे की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। बावजूद इसके प्रशासन द्वारा आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इससे विधवा महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

### अब तो सिर्फ कलेक्टर से आस, हस्तक्षेप की मांग

उक्त मामले को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बेदखली कर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि बड़ागांव धसान तहसील में कानून नहीं, बल्कि दबंगों की चलती है।

### दो-दो मामलों में हुए तहसीलदार के आदेश कूड़ेदान में

नगरवासियों ने बताया कि बड़ागांव तहसीलदार न्यायालय द्वारा ग्राम धमधरिया की शासकीय भूमि खसरा नंबर 865/1 पर कब्जे के दो अलग-अलग मामलों में कार्यवाही की गई थी। एक मामले में 22 नवंबर 2025 तथा दूसरे में 13 अप्रैल 2026 को आदेश पारित करते हुए अतिक्रमणकारी धनप्रकाश यादव पर 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया और सात दिवस के भीतर भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए। लेकिन हैरानी की बात यह है कि न्यायालय में पेश होकर धनप्रकाश यादव ने स्वयं अतिक्रमण स्वीकार भी कर लिया था। इसके बावजूद न तो जमीन खाली हुई और न ही प्रशासन ने कोई सख्त कार्रवाई की। उल्टा अतिक्रमणकारी ने प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए रात में काम लगाकर पक्का निर्माण शुरू कर दिया।

### आदेश जारी करो और भूल जाओ, कार्यशैली पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि तहसीलदार पलक जैन और संबंधित पटवारी रवि गर्ग सिर्फ कागजों में कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आदेश जारी कर दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर बेदखली की कार्रवाई नहीं होती। यही वजह है कि अतिक्रमणकारी के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसे न तहसीलदार का डर है और न ही कानून का। आरोप है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर पक्के निर्माण किए जा रहे हैं और शिकायतों के बावजूद राजस्व अमला सिर्फ यह कहकर मामले को दबाने में लगा है कि रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा आज तक जमीनी स्तर पर बेदखली की कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर अतिक्रमणकारी को संरक्षण कौन दे रहा है?

### इनका कहना है

धनप्रकाश वाले मामले में हमने बेदखली का आदेश किया है। शीघ्र ही जमीनी स्तर पर भी कार्यवाही होगी। जिससे अतिक्रमणकारियों को एक कड़ा संदेश जाएगा।

**पलक जैन, तहसीलदार बड़ागांव धसान**

---

बैठक में हीटवेव और गेहूं खरीदी रहा मुख्य मुद्दा

# कलेक्टर का अल्टीमेटम, जनता परेशान तो तय होगी जिम्मेदारी

**समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की चेतावनी के साथ सख्त निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बढ़ती भीषण गर्मी, पेयजल संकट और समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रशासनिक अमले को सख्त चेतावनी देते हुए साफ शब्दों में कहा कि जनहित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने एक-एक विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने और जनता को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में जलगंगा संवर्द्धन अभियान की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और पेयजल प्रबंधन केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि आने वाले संकट से निपटने की तैयारी है। इसके तहत नियमित रूप से पानी के सैंपल लेने, जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने और रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने को कहा गया। निर्माणाधीन मुक्तिधामों की समीक्षा के दौरान उन स्थलों की जानकारी ली, जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। भूमि विवाद वाले मामलों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान निकालने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्य किसी भी कीमत पर नहीं रुकने चाहिए।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी व्यवस्था रही। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित अधिकारियों को खरीदी केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को भुगतान, तौल, परिवहन या अन्य किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था मिली तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। हीटवेव को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों और खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। साथ ही अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए आवश्यक दवाएं, बेड और राहत व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा गया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को राहत देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयसीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर भी कलेक्टर ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन, सीएस मॉनिटरिंग, पीएम आवास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि वर्ष 2026 की तैयारियां, कोर्ट प्रकरण और अवमानना मामलों की भी गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

---

**पुलिस जनसुनवाई बनी जनता की उम्मीद**

# सीधे एसपी से संवाद व शिकायतों पर तुरंत एक्शन का असर, शिकायतें घटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस और जनता के बीच बढ़ती दूरी को कम करने तथा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद व्यवस्था अब असर दिखाने लगी है। जिला पुलिस द्वारा चलाई जा रही यह पहल न केवल लोगों की समस्याओं के समाधान का मजबूत माध्यम बन रही है, बल्कि पुलिस के प्रति भरोसा भी लगातार बढ़ा रही है।

इस पूरी व्यवस्था का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई कर रहे हैं, जो संवाद आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए सीधे आमजन से जुड़ रहे हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने हर व्यक्ति की समस्या गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को बिना भय अपनी शिकायत रखने का अवसर मिला, जिससे पुलिस कार्यालय में विश्वास और पारदर्शिता का माहौल देखने को मिला। विशेष बात यह रही कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने जनसुनवाई व्यवस्था को केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रखा, बल्कि थाना और चौकी स्तर तक भी इसका विस्तार किया है। इससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राहत मिलने लगी है और छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की मजबूरी कम हुई है। पुलिस विभाग के अनुसार इस पहल का सकारात्मक असर अब आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। जिले में शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जिसे पुलिस की सक्रियता और जवाबदेह कार्यप्रणाली का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि संवाद और विश्वास से ही मजबूत समाज का निर्माण संभव है।

---

# कलेक्टर, नपाध्यक्ष व सीएमओ का सफाई अभियान

**नालियों से निकाली गंदगी, नाली में कचरा न डालने की लोगों से अपील, अवैध नल कनेक्शन पर कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था, जाम नालियों और बढ़ते जलभराव की शिकायतों के बीच अब प्रशासन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर आया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा शहरभर में स्वच्छता सर्वेक्षण और नाली सफाई अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया खुद वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।



शहर के कई वार्डों में वर्षों से जमा गंदगी और अवरुद्ध नालियों की सफाई कर प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि अब सफाई व्यवस्था केवल कागजी दावों तक सीमित नहीं रहेगी। अभियान के तहत इंद्रा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 में करीब 600 मीटर लंबी नालियों की सफाई कराई गई और भारी मात्रा में जमा कचरा तत्काल उठवाया गया। इस दौरान वार्डवासियों की पेयजल समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया तथा लोगों को समझाइश दी गई कि घरों का कचरा सड़क और नालियों में फेंकने के बजाय कचरा गाड़ी में ही डालें। अभियान के दौरान वार्ड 8 और 9 में जेठा चौराहे से छोटी देवी मंदिर तक लगभग 300 मीटर तथा प्रधानपूरा क्षेत्र में करीब 300 मीटर नाली साफ की गई। वार्ड 13 में लगभग 250 मीटर और वार्ड 5 में भाटा गोदाम से लेकर करीब 200 मीटर क्षेत्र में विशेष सफाई कार्य कराया गया। वहीं मऊचुंगी स्थित वार्ड 21 में नूरी किराना स्टोर क्षेत्र के आसपास लगभग 300 मीटर लंबी नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। ख्वाजा नगर कॉलोनी वार्ड 27 में जेसीबी मशीन के माध्यम से बड़े नाले की सफाई कराई गई, जिससे बरसात के पहले जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

इसी दौरान इंद्रा कॉलोनी में नगर पालिका की जलकर टीम ने 12 अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें काट दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कनेक्शनधारकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 10 और 16 में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड 10 में लगभग 500 मीटर नाली की सफाई कर कचरा हटवाया गया, जबकि वार्ड 15 में करीब 200 मीटर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 3 में तकिया मस्जिद पुल के नीचे जमा गंदगी साफ कराई गई। खास बात यह रही कि कोतवाली परिसर के अंदर भी सफाई कराकर प्रशासन ने सरकारी संस्थानों को भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होने का संदेश दिया। उक्त अभियान के दौरान अधिकारियों ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई न केवल जलभराव की समस्या कम करती है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के खतरे को भी घटाती है। उक्त कार्यवाही व निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा, अजय दीक्षित, जेबा मंसूरी, जलकर सहायक अनिल श्रीवास्तव, सफाई प्रभारी हवालदार राकेश बाल्मीकि, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू, फरीद खान सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

---

**जहां पड़ी नजर, बही चीज गायब, कुछ भी सुरक्षित नहीं**

# मोटर से लेकर मुक्तिधाम की चद्दर तक गायब,चोरों का बढ़ता साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं अब इस कदर बढ़ती नजर आ रही हैं कि ग्रामीणों के बीच यह चर्चा आम हो गई है कि चोरों से अब आखिर सुरक्षित क्या बचा है। हालत यह है कि चोर अब केवल घरों या दुकानों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पंचायत भवनों से लेकर मुक्तिधाम तक को निशाना बनाने लगे हैं।

ताजा मामला ग्राम पंचायत कुर्राई का सामने आया है, जहां पंचायत भवन परिसर में लगे ट्यूबवेल से मोटर पंप, बिजली के केबिल और पाइप चोरी कर लिए गए। इससे पहले गांव के मुक्तिधाम में लगी चद्दरों पर भी चोर हाथ साफ कर चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुर्राई में सोमवार रात चोर पंचायत भवन परिसर में घुस गए और वहां लगे ट्यूबवेल की मोटर, बिजली के केबिल, पाइप तथा पानी की टंकी से जुड़ा सामान उखाड़ ले गए। मंगलवार सुबह जब ग्राम पंचायत भवन खोला गया तो चोरी का खुलासा हुआ। ग्राम पंचायत कुर्राई के सरपंच रहीश घोष एवं सचिव



देवेन्द्र यादव ने बताया कि पंचायत भवन में लगा ट्यूबवेल गांव की जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण था, लेकिन चोर रातोंरात मोटर और अन्य सामान ले गए। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले गांव के मुक्तिधाम में लगी चद्दरों को भी अज्ञात लोग चोरी कर ले गए थे।

ग्रामीणों का कहना है कि जब मुक्तिधाम जैसी जगह भी चोरों से सुरक्षित नहीं बच रही, तो आम लोगों की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है। बही दूसरी ओर दिगोड़ा पुलिस द्वारा लगातार की जा रही गश्त के बाबजूद चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरो ने पुलिस को चुनौती दें रखी है। घटना के बाद सरपंच और सचिव ने दिगौड़ा थाने पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं लग सका है।

---

### गांव-गांव पहुंच नशे व साइबर के खिलाफ छेड़ी जागरुकता मुहिम

पलेरा। जिले में आमजन को सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशानुसार एवं जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में पुलिस चौकी खजरी की टीम द्वारा ग्राम जवाहरपुर खजरी में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत चौकी प्रभारी ग्यासी यादव एवं आरक्षक हरीश यादव ने ग्रामीणों के बीच बैठक आयोजित कर नशे



के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति की जिंदगी को नहीं बिगाड़ता, बल्कि परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता समझाते हुए पुलिस ने कहा कि हेलमेट केवल चालानी कार्रवाई से बचने का साधन नहीं, बल्कि दुर्घटना के समय जीवन बचाने वाली सुरक्षा ढाल है। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों को लेकर भी लोगों को सतर्क किया। ग्रामीणों को बताया गया कि अनजान मोबाइल कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी और सोशल मीडिया मैसेज के जरिए साइबर ठग लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे मामलों में सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि समाज को सुरक्षित बनाने में जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। यदि हर नागरिक जागरूक रहेगा तो अपराध और ठगी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के जागरूकता अभियान गांवों में लगातार चलते रहने चाहिए।


---

**खाकी के पीछे छिपे दर्द को समझने सुनी जवानों की समस्याएं, मौके पर समाधान**

# चिंताग्रस्त पुलिसकर्मी कैसे संभालेगा जनता को: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आमतौर पर पुलिस विभाग को सख्ती, अनुशासन और दबाव भरे माहौल के रूप में देखा जाता है, लेकिन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की कार्यशैली इस पारंपरिक छवि से अलग दिखाई दे रही है। यह बात हम नहीं बल्कि पुलिस विभाग के वो पुलिसकर्मी बता रहे हैं, जिनको अपनी समस्या अब सीधे अपने पुलिस कप्तान मंडलोई के सामने रखने का आसान मौका मिलने लगा है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि एसपी मंडलोई द्वारा जिले की कानून व्यवस्था संभालने के साथ-साथ अब पुलिसकर्मियों की भावनाओं, पारिवारिक परिस्थितियों और मानसिक दबाव को भी गंभीरता से समझा जा रहा हैं। यही कारण है कि विभाग के भीतर एसपी मंडलोई की पहचान एक सख्त अधिकारी के साथ-साथ संवेदनशील और मानवीय नेतृत्वकर्ता के रूप में भी बनती जा रही है।



जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित खुले संवाद सत्र में इसका स्पष्ट असर तब देखने को मिला, जब कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना किसी औपचारिक दबाव के अपनी समस्याएं एसपी के समक्ष रखने का अवसर दिया गया। संवाद का माहौल ऐसा था, जहां अधीनस्थ कर्मचारी केवल आदेश सुनने नहीं, बल्कि अपनी बात कहने और समाधान पाने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। बैठक के दौरान कई पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियों, स्वास्थ्य समस्याओं और अवकाश संबंधी परेशानियों को खुलकर साझा किया। एसपी मंडलोई ने हर समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं को केवल प्रशासनिक नजरिए से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया। उक्त संवाद के दौरान एक आरक्षक ने जब अपनी पारिवारिक समस्या बताते हुए अवकाश की आवश्यकता जताई। तब मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए एसपी ने बिना देर किए तत्काल छुट्टी स्वीकृत कर दी। इस निर्णय ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को यह संदेश दिया कि विभाग में उनकी व्यक्तिगत परिस्थितियों और मानसिक स्थिति को भी महत्व दिया जा रहा है।

पुलिस महकमे में अक्सर लगातार ड्यूटी, पारिवारिक दूरी और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियां सामने आती हैं, लेकिन इन विषयों पर खुले तौर पर चर्चा कम ही हो पाती है। ऐसे माहौल में एसपी का यह संवाद कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के लिए राहत और भरोसे का माध्यम बनकर उभरा। कर्मचारियों का कहना था कि जब वरिष्ठ अधिकारी उनकी समस्याओं को समझते हैं, तो कार्य करने का उत्साह और जिम्मेदारी दोनों बढ़ जाते हैं। बैठक में एसपी ने कहा कि एक संतुलित और मानसिक रूप से मजबूत पुलिस बल ही समाज को बेहतर सुरक्षा दे सकता है। यदि पुलिसकर्मी स्वयं भीतर से परेशान रहेगा, तो उसका असर उसके व्यवहार और कार्यशैली पर भी पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि विभाग अपने कर्मचारियों के साथ संवेदनशीलता और सम्मान का व्यवहार करे। उन्होंने अवकाश संबंधी मामलों का समयसीमा में निराकरण करने, स्वास्थ्य और पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से देखने, अनावश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को एनपीएस योजना की जानकारी दी गई और मेडिकल बिलों के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आदेश भी दिए गए। पुलिस विभाग में इस पहल को केवल एक बैठक नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में बदलाव की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से यह धारणा रही है कि पुलिसकर्मी दूसरों की समस्याएं तो सुनते हैं, लेकिन उनकी अपनी परेशानियां अक्सर अनसुनी रह जाती हैं। ऐसे में एसपी मंडलोई की यह पहल पुलिस बल के भीतर विश्वास, आत्मीयता और मनोबल को मजबूत करने वाली मानी जा रही है।

# Swami Vivekanand University

## Sagar - Madhya Pradesh - India

आत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च

# Admission Open

Courses Approved: U.G.C. | M.P.Govt. | P.C.I. | A.I.C.T.E. | N.C.T.E. | M.P.P.C. | B.C.I. | ISO Certified

Member of: N.S.C. | A.I.U.









Register- www.svnuniversity.co.in

Scholarships for the Meritorious Students

facebook.com/svnuindia

## OUR PROGRAMS

### ENGINEERING
- ☑ B.Tech. (Mech./Civil/EX/EC/CS/IT/Agriculture)
- ☑ Polytechnic Diploma in Engineering (Mech./Civil/ EE/EC/CS/Agriculture Tech.)
- ☑ M.Tech. ECE/ Civil Engineering / Electrical Engineering / Electronics Engineering / Mechanical Engineering / Computer Science Engg./ Information Technology / Agriculture Engineering

M.- 9174913004, 8889901281

### SPECIAL ENGINEERING
- ☑ B.Tech. (Fire & Safety/ Mining)
- ☑ Polytechnic Dip. in Engg. (Mining/Mine Surveying)

M.- 7415535229, 8889901224

### PHARMACY
- ☑ D.Pharma ☑ B.Pharma
- ☑ M.Pharma

M.- 8878823861, 7224949770

### LIBRARY SCIENCE
- ☑ Diploma in Lib. Sc. ☑ B.Lib ☑ M.Lib

M.- 9826544306

### AGRICULTURE
- ☑ B.Sc. Agriculture
- ☑ M.Sc. Agriculture (Horticulture / Agronomy/Genetic & Plant Breeding /Plant Pathology/Soil Science)
- ☑ MBA (Agriculture Business Mgt.)
- ☑ PG Diploma in Agro-Business Mgt.
- ☑ Diploma in Agriculture (After 10th or 12th)

M.- 7771814873, 7746995975

### SCIENCE
- ☑ B.Sc. (PCM/CBZ/PMG/Forensic Sci.)
- ☑ M.Sc. (Mathematics/Physics/Chemistry /Botany/Zoology/Geology/Bichemistry/ Forensic Sci.)

M.- 9826544306

### PARAMEDICAL*
- ☑ BMLT (Bachelor of Medical Lab Technician)
- ☑ DMLT (Diploma in Medical Lab Technician)
- ☑ BPT (Bachelor of Physiotherapy)
- ☑ MPT (Ortho)

M.- 9754571333, 9399328280

### COMPUTER SCIENCE
- ☑ B.C.A. ☑ M.C.A.
- ☑ B.Sc. (CS) ☑ M.Sc. (CS) .

M.- 9479742434, 8889901224

### ARTS/ HUMANITIES & SOCIAL SCIENCE
- ☑ Bachelor of Arts
- ☑ M.A. (History/Economices/Hindi/English Socilogy/Political Science/Sanskrit Geography)
- ☑ Master of Arts in Social Work

M.- 9826544306

### COMMERCE
- ☑ B.Com. ☑ B.Com (Com. App.)
- ☑ M.Com.

M.- 9516765748

### FIRE SAFETY & DISASTER
- ☑ Diploma in Fire Safety & Hazard Management
- ☑ Diploma in Industrial Safety Management
- ☑ Certificate in Fire Man
- ☑ PG Dip. in Fire Safety and Disaster Mgt.
- ☑ PG Dip. in Industrial Safety Mgt.
- ☑ B.Sc. in Fire Safety & Hazard Management
- ☑ MBA in Fire Safety Management
- ☑ MBA in Disaster Management

M.- 9399224237, 9479742434

### FASHION & INTERIOR
- ☑ Diploma / Post Graduation Diploma
- ☑ B.A. / B.Sc. / M.A. / M.Sc.

M.- 8319836094, 9340093331

### MANAGEMENT
- ☑ BBA ☑ MBA

M.- 9479742434, 8889901224

### EDUCATION
- ☑ D.Ed. / D.El.Ed. (2 Years)
- ☑ B.Ed. (2 Years)
- ☑ B.Ed. (Part Time - 3 Years)
- ☑ M.Ed. (2 Yrs) ☑ M.A. (Edu.)
- ☑ B.Ed.-M.Ed. (Integ. 3 Years)
- ☑ B.A. - B.Ed. (Integ. 4 Years)

### PHYSICAL EDUCATION
- ☑ B.P.Ed. (2 Years)
- ☑ M.P.Ed. (2 Years) ☑ M.A. (Phy)

M.- 8770852354, 9037178547

### LAW
- ☑ B.A LL.B. (5 Years)
- ☑ B.Com. LL.B (5 Years)
- ☑ LL.B. (3 Years)
- ☑ LL.M. (2 Years)

M.- 9826544306, 9516765748

### YOGA
- ☑ B.A. / M.A. in Yogic Science
- ☑ B.Sc. / M.Sc. in Yogic Science
- ☑ Diploma / PG Diploma in Yoga

M.- 9479742434, 6265424620

### NURSING*
- ☑ B.Sc. Nursing

M.- 9340896939

*Approval Under Process

*Approval Under Process

## Ph.D
सभी मुख्य विषयों में

(UGC के नियमानुसार)

Call On 7828085914

Hostel Facility

Scan me




विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश एवं तिथियां म.प्र. शासन/ परिषद एवं वि.वि. के नियमानुसार होंगी।

**विशेष नोट**: विश्वविद्यालय के प्रवेश सीधे विश्वविद्यालय द्वारा ही होंगे। इसके लिए कोई भी अन्य व्यक्ति या संस्था अधिकृत नहीं है।

**Campus**

NH-26, Narsinghpur Road, Sironja, Sagar (M.P. ) Pin - 470 228, Mob.:7012227428, 7773048711, 8889901281

City Office : 10 Civil Line, Sagar (M.P.) Pin - 470 001, Tel.: 07582-357030 Mob.: 8770852354, 9037178547

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया सौगातों का लोकार्पण, मंत्री दर्जा प्राप्त होने पर रावत का जोरदार स्वागत

# कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां पूर्ण रूप से संविधान लागू हुआ: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

19 दिसंबर 1961 में गोवा को हमारे वीर सैनिकों ने पुर्तगालियों से आजाद कराकर 1947 में अंग्रेजी हुकूमत से मिली आजादी को पूर्ण आजादी में तब्दील किया उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35A को हटा कर पूरे देश में एक संविधान लागू करने का काम किया। हमारे लिए दोनों घटनाएं ऐतिहासिक ओर भारतीय वैभव को दर्शाने वाली है। गोवा मुक्ति आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का प्रतीक विजय स्तंभ की चमक समय के साथ फीकी पड़ गई थी शहर के सौंदर्य करण के लिए नया स्तंभ जरूरी था इसलिए अपने संसदीय कार्यकाल में मैने श्योपुर और मुरैना मुख्यालय पर नया अशोक स्तभ (जयस्तभ) लगाए जाने के लिए सांसद निधि दी थी। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को जय स्तंभ चौक पर नए अशोक स्तभ (जयस्तभ) का लोकार्पण करते हुए कही। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष के साथ वन विकास निगम अध्यक्ष बनने के बाद पहलीबार श्योपुर पहुंचे रामनिवास रावत का कार्यकर्ताओं ओर समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जब क्षेत्र के सांसद थे तब उन्होंने नया विजय स्तंभ स्थापित करने के लिए सांसद निधि दी थी। उक्त सांसद निधि से निर्मित आकर्षक विजय स्तंभ का मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जिले को दी गई सौगातों को दोहराते हुए कहा कि जब मैं पहली बार सांसद बना तो श्योपुर में आवागमन के साधन भी मुहैया नहीं थे पीने के पानी के लिए कराहल जैसे विकासखंड में लोगों को पलायन करना पड़ता था। जिले में खेती मौसम आधारित थी। किसानों को सब्जियां उगाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था आज पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में श्योपुर सबसे बड़ा धान उत्पादक जिला बन चुका है यह हमारे किसान भाइयों की मेहनत और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सिंचाई के संसाधनों की वजह से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि उनसे सेंट्रल बैंक के जनरल मैनेजर ने भोपाल में मिलकर अनुरोध किया कि उनकी मुलाकात श्योपुर के व्यापारियों से कराए ताकि हम वहां 10 धान मिल खोले जाने के लिए उन्हें लोन दे सके वहां पर धान के पैदावार अच्छी होती है बैंकर्स आज व्यापारियों को बिना गारंटी के लोन देने को तैयार है यह बड़ी बात है उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल से पानी पीने की निर्भरता शीघ्र समाप्त होगी 117 करोड रुपए से स्वीकृत पार्वती जलावर्धन योजना में एक दो एनओसी आना बाकी है जो जल्द मिल जाएगी। इसके बाद पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी लोगों को फिल्टर पानी मुहैया कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पुल दरवाजा के पास स्थित किसान नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं शहर के बायपास रोड पर 3 करोड रूपये की लागत से बनने वाली आधुनिक चौपाटी के निर्माण तथा 19 करोड 87 लाख रूपये की लागत से बनने वाले लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का भूमिपूजन किया। वार्ड नं 11 में बैरवा समाज के लिए सांसद निधि (नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा दी गई) से बनाए गए सामुदायिक भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। कॉलेज में जनभागीदारी से कराये गये 59 लाख रूपये के ग्राउंडफ्लोर के रिन्यूवेशन सहित अन्य कार्यो एवं 42 लाख रूपये लागत के टीनशैड तथा विधुत पोल कार्यो का लोकार्पण,सांसद निधि से महाविद्यालय में 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाली केंटीन तथा जनभागीदारी मद से 65 लाख रूपये लागत के मंच निर्माण और रैन वाटर हार्वेस्टिंग, मीटिंग हॉल आदि का भूमिपूजन किया गया।

इसमें सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, मप्र वन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत,भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भी संबोधन दिया।



#### भाजपा और विकास एक दूसरे के पूरक: सांसद

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने संबोधन देते हुए कहा कि भाजपा और विकास एक दूसरे के पूरक हैं देश और प्रदेश में जब-जब भी भाजपा की सरकार आई है तब तब विकास तेजी के साथ हुआ है कांग्रेस के राज्य में देश और प्रदेश की हालत गड्ढे नुमा थी ना तो चलने को रोड था नहीं लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध थी पर आज लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ लग्जरी सेवाएं भी उपलब्ध हो रही है। इसकी बानगी की स्वास्थ्य सेवा में मेडिकल कॉलेज श्योपुर में स्थापित होना ब्रॉड गेज रेल लाइन ग्वालियर से श्योपुर अमान परिवर्तन एवं श्योपुर से कोटा के लिए नई रेलवे लाइन स्वीकृत होना शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला शक्ति का हमेशा सम्मान करती रही है संसद में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से महिलाओं को आरक्षण देने के लिए बिल रखा था लेकिन विपक्ष में महिला विरोधी सोच ने बिल को गिरा दिया। देश की महिलाएं कांग्रेस ओर विपक्ष को माफ नहीं करेंगी।



#### श्योपुर जिले के लिए विकास पुरुष साबित हुए तोमर: रावत

मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रामनिवास रावत ने संबोधन देते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को विकास पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि जब में पहली बार विजयपुर से श्योपुर आया तो मुझे बस से यहां आने में 12 घंटे लगे थे लेकिन अब नरेंद्र सिंह तोमर ने श्योपुर मुरैना हाईवे से विजयपुर को जोड़कर ना सिर्फ आवा गमन बहुत आसान और सुलभ बना दिया बल्कि छुक छुक रेल से निजात दिलाकर ब्रॉड गेज रेल की सौगात दिलाई ब्रॉड गेज के लिए राशि दिलाने और काम को आगे बढ़ाया। मेडिकल कॉलेज सहित ऐसी कई सौगातें हैं जो नरेंद्र सिंह तोमर को जिले के लिए विकास पुरुष निरूपित करने में सक्षम है।

### भारतीय किसान संघ ने बिजली कंपनी अधिकारियों को बैठक के बाद सौंपा आवेदन

# बरसात शुरू होने से पहले दुरुस्त कराई जाए जिले की बिजली व्यवस्था:भाकिसं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक मंगलवार को बिजली कंपनी अधिकारियों के साथ हुई। बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों ने बिजली कंपनी अधिकारियों के समक्ष जिले में व्याप्त बनी बिजली की समस्याए रखी और बारिश का मौसम शुरू होने से पहले उनका समाधान हर हाल में कराए जाने की मांग उठाई।

बिजली कंपनी के कार्यालय में हुई इस बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी सहित अन्य किसान पदाधिकारियों ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक एलएन पाटीदार के समक्ष बिजली की समस्या रखते हुए कहा कि कई स्थानों पर जर्जर और पुराने बिजली के तारों से न केवल बिजली सप्लाई बार बार बाधित हो रही है,बल्कि हादसा घटित होने का खतरा भी बना हुआ है इसलिए जर्जर और पुराने बिजली के तारों को जल्द बदलाया जाए। इसके साथही लटकी लाइनों को टाइट करने, लोड वाले सब स्टेशनों पर पीटीआर बढाने, स्वीकृत सब स्टेशनों को समय पर चालू करने सहित अन्य कई बिजली समस्या संबंधी परेशानी को लेकर बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ चर्चा की और बरसात से पहले इन समस्याओ का समाधान कराए जाने का आवेदन सौपा गया।

ताकि बारिश के दौरान बिजली संबंधी कोई परेशानी लोगों के समक्ष खडी न हो पाए। इस दौरान बिजली कंपनी के महाप्रबंधक पाटीदार ने इस संबंध में बताई गई समस्याओं का समाधान करवाए जाने का भरोसा किसान संघ पदाधिकारियों को दिया। इस मौके पर हरिशंकर पालीवाल, जितेंद्र मीणा, सियाराम गुर्जर, भूपेंद्र मीणा, होतम जाट, कैलाश धाकड़, भानु प्रताप जाट, निसार खान, गुरपेज सिंह, नाथू मीणा आदि किसान संघ पदाधिकारी मौजूद थे।

# मतदाता सूची अपडेशन के लिए बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगर पालिका मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में जोड़े गए बीएलओ को मंगलवार को नगरपालिका सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका निर्वाचन हेतु 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीला दाहिमा के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन आयोग के प्रशिक्षक आनंदपाल चौधरी एवं प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। सीएमओ आरआर यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग के शेड्यूल अनुसार 27 अप्रैल तक प्रशिक्षण एवं कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्ण की जाएगी। इस क्रम आज चयनित बीएलओ (प्राधिकृत अधिकारी) को आज प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके पश्चात 15 मई को प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 मई से 25 मई 2026 तक निर्धारित दावा-आपत्ति केंद्रों पर नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा तथा ईआरएमएस में प्रविष्टि 5 जून तक पूर्ण की जाएगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जून 2026 को होगा।




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522